# प्रेस नोट –

## थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

**दिनांक 28.08.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनके बैंक खाते खुलवाने, साइबर फ्रॉड की धनराशि का आहरण कर उसे USDT में परिवर्तित करने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 06 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 07 अदद टचस्क्रीन मोबाइल फोन एवं 01 अदद पॉकेट डायरी बरामद की गई।**
- **साइबर फ्रॉड से संबंधित कुल लगभग 403 करोड़ रुपये की मनी ट्रेल किया जाना तथा 500 USDT सीज किए गए।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक **28.08.2026** को थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोहिनी गार्डन नहर रोड, गढ़ियागाँव, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी से साइबर फ्रॉड करने वाले अभियुक्तगण **1.** दीपक वर्मा उर्फ सत्यम पुत्र राजकुमार वर्मा निवासी ईसाई टोला, खातीबाबा, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी, उम्र करीब **24** वर्ष, **2.** अदनान हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन निवासी झाँसी होम्स के सामने, महादेव टाइल्स, जनपद झाँसी, **3.** आदिल हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन निवासी महादेव मार्बल के पास, झाँसी होम्स, जनपद झाँसी, **4.** जान पाल पुत्र श्रीरामनाथ पाल निवासी कृष्णानगर कॉलोनी, खेरा, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी, **5.** अभिषेक चौधरी पुत्र अशोक चौधरी निवासी सुम्मेर नगर, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी, उम्र करीब **25** वर्ष एवं **6.** अर्चित श्रीवास्तव पुत्र अजय प्रकाश श्रीवास्तव निवासी लहरगिर्द, थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी, उम्र करीब **25** वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त प्रकरण में अरमान पुत्र अज्ञात निवासी गढ़िया फाटक, प्रेमनगर, अर्श शेख पुत्र अज्ञात निवासी खातीबाबा, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी एवं मो**0** फैज पुत्र नफीशुल हसन निवासी प्रेमनगर, जनपद झाँसी की संलिप्तता भी प्रकाश में आई है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से **07** अदद टचस्क्रीन मोबाइल फोन एवं **01** अदद पॉकेट डायरी बरामद की गई तथा साइबर फ्रॉड से संबंधित कुल लगभग **403** करोड़ रुपये की मनी ट्रेल प्रकाश में आई एवं **500 USDT** सीज किए गए। उक्त प्रकरण में कुल **09** नफर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना प्रेमनगर पर मु**0**अ**0**सं**0 397/2026** धारा **112(2)/318(4)/317(5)** बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से माननीय न्यायालय द्वारा उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार, झाँसी भेज दिया गया।

## पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण से की गयी पूँछताँछ से ज्ञात हुआ है कि उक्त सभी संगठित रूप से गेमिंग एप्प के माध्यम से फ्राड की गयी धनराशि को विभिन्न लोगों को लेन दिलाने के नाम पर लिये गये खातों में आतंरित कराकर पैसों का आहरण करते थे एवं इसके पश्चात धनराशि के यूएसडीटी में ट्रान्सफर करते थे पूँछताँछ से अब तक कुल करीब 56 खातों में कुल 325 शिकायतों की जानकारी हुई है। जिसमें समन्वय पोर्टल के अनुसार करीब कुल लगभग 403 करोड़ रूपये का फ्राड होना पाया गया है। इस सम्बन्ध में और अधिक गहनता से विस्तृत जानकारी की जा रही है। जो भी तथ्य प्रकाश में आयेंगे उनको समायोजित करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## बरामदगी का विवरण –

**07 अदद मोबाइल टचस्क्रीन व 01 अदद पाकेट डायरी बरामद**

## गिरफ्तार अभियुक्तगण

1. दीपक वर्मा उर्फ सत्यम पुत्र राजकुमार वर्मा नि0 ईसाई टोला खातीबाबा,प्रेमनगर, झाँसी उम्र करीब 24 वर्ष,
2. अदनान हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन निवासी झाँसी होम्स के सामने महादेव टाइल्स जनपद झाँसी,
3. आदिल हुसैन पुत्र शाहिद हुसैन निवासी महादेव मार्बल के पास झाँसी होम जनपद झाँसी,
4. जान पाल पुत्र श्रीरामनाथ पाल निवासी कृष्णानगर कालोनी खेरा थाना प्रेमनगर जिला झाँसी,
5. अभिषेक चौधरी पुत्र अशोक चौधरी निवासी सुम्मेर नगर थाना प्रेमनगर जिला झाँसी उम्र करीब 25 वर्ष,
6. अर्चित श्रीवास्तव पुत्र अजय प्रकाश श्रीवास्तव नि0 लहरगिर्द,सीपरी बाजार, झाँसी उम्र करीब 25 वर्ष,

## वाँछित अभियुक्तगण

1.अरमान पुत्र अज्ञात निवासी गढिया फाटक प्रेमनगर,

2.अर्श शेख पुत्र अज्ञात निवासी खाती बाबा थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी,

3.मो0 फैज पुत्र नफीशुल हसन निवासी प्रेमनगर झाँसी

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.प्र0नि0 तुलसीराम पाण्डेय थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी (निर्देशन)

2.उ0नि0 रविकान्त शुक्ला,थाना प्रेमनगर,जनपद-झाँसी

3.हे0का0 332 बलबीर सिंह थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

4.हे0का0 324 बृजेश कुमार, थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

5.हे0का0 राघवेन्द्र, थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

6.का0 908 नवनीत सिंह, थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

7. का0 1073 ज्ञान प्रकाश , थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

8. का0 नीतेश सागर, थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

9.का0 870 आशीष द्विवेदी, थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

10.का0 1039 दीपू, थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी